डॉ0 राममनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय, अयोध्या (उ0प्र0)

पत्रांकः लो0अ0वि0/सी0डी0सी0/2019/16 दिनांकः 08 फरवरी, 2019

सेवा में,

समस्त प्राचार्य/प्राचार्या,
सम्बद्ध स्ववित्तपोषित महाविद्यालय,
डॉ0 राममनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय,
अयोध्या।

विषयः सम्बद्धता प्राप्त पाठ्यक्रमों में विषय के शिक्षकों की उपलब्धता/नियुक्ति के सम्बन्ध में।

महोदय,

अवगत कराना है कि मा0 कुलपति जी के निर्देशानुक्रम में विश्वविद्यालय से सम्बद्ध महाविद्यालयों के अन्तर्गत संचालित पाठ्यक्रमों में अध्ययनरत छात्र–छात्राओं को गुणवत्तायुक्त पठन–पाठन की उपलब्धता सुनिश्चित कराने के उद्देश्य से यह आवश्यक है कि महाविद्यालयों में संचालित पाठ्यक्रमों में मानकारुप विषयवार शिक्षक पर्याप्त संख्या में नियुक्त किये जायें।

उक्त के सन्दर्भ में आपको निर्देशित किया जाता है कि सत्र 2019–20 के प्रारम्भ होने से पूर्व अर्थात 30 जून, 2019 तक अनिवार्य रूप से अपने महाविद्यालयों में सम्बद्ध पाठ्यक्रमों के प्रत्येक विषय में मानकानुसार शिक्षकों की नियुक्ति एवं अनुमोदन की प्रक्रिया सम्पादित करा लें।

उपरोक्त निर्देशों का अनुपालन प्राथमिकता के स्तर पर सुनिश्चित करने का कष्ट करें।

भवदीय

निदेशक
महाविद्यालय विकास परिषद

प्रतिलिपिः निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित–

1. कुलसचिव, डा0 राममनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय, अयोध्या को इस आशय से प्रेषित कि उक्त उद्देश्य की पूर्ति हेतु अपने स्तर से भी महाविद्यालयों को यथोचित निर्देश प्रदान करने का कष्ट करें।
2. प्रोग्रामर, ई0डी0पी0 सेल को इस आशय से प्रेषित कि उक्त सूचना को विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर व महाविद्यालयों की लागिन पर अपलोड करें।
3. पत्रावली।

8/2/19

निदेशक
महाविद्यालय विकास परिषद